भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
कनिष्ठ अभियंता/अनुभाग अधिकारी (उ.)
के लिए विभागीय परीक्षा
जून 2019
सरल लेखा प्रश्न पत्र

समयः 3 घंटे — अधिकतम अंक 100

नोटः 1. सभी प्रश्नों का उत्तर दें।

2. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित फार्म और दस्तावेज उपलब्ध करवाए जाएंगे।

(क) चल लेखा बिलफार्म सं. सीपीडब्ल्यू ए 26

(ख) सीक्योर्ड अग्रिम फार्म सं. सीपीडब्ल्यूडी 26–ए

प्रश्न .1: निम्नलिखित ब्यौरे से नेशनल गैलरी आफ मार्डन आर्ट के निर्माण के लिए मेसर्स स्टांडर्ड बिल्डकान का तीसरा लेखा बिल तैयार करें !

(अंक 20)

| कार्य के मद | दर (रुपये) | इकाई | निष्पादित मात्रा | |
|---|---|---|---|---|
| | | | दूसरे आर ए बिल में | अद्यतन |
| 1. मिट्टी की खुदाई | 230/– | क्यू मी | 3200 क्यू मी | 5100 क्यू मी |
| 2. नीव में सीमेंट कांक्रीट | 7500/– | क्यू मी | 30 क्यू मी | 112 क्यू मी |
| 3. स्टील रिएन्फोर्समेंट | 65/– | कि ग्रा | 7600 किग्रा | 36540 किग्रा |
| 4. डिजाइन मिक्स एम–25 ग्रेड कांक्रीट | 7900/– | क्यू मी | 78 क्यू मी | 190 क्यू मी |
| 5. डीजाइन सीमेंट आर्डर में ईंट कार्य | 6700/– | क्यू मी | शून्य | 160 क्यू मी |

क. यह प्रतिशत दर निविदा है और ठेकेदार ने 11.5 प्रतिशत नीचे दर बताया है।

ख. दूसरे आर ए बिल में मद सं.2 नीव में सीमेंट कान्क्रीट का पार्ट रेट 5600/–रु. प्रति क्यू मी है और तीसरे आर ए बिल में 5100/– प्रति क्यू मी है।

ग. दूसरे आर ए बिल में 48000 ईंटो के लिए 5000/–रु. प्रति 1000 ईट की दर से सिक्योर्ड अग्रिम का भुगतान किया था । सभी ईंटों का उपयोग कर लिया गया है एवं साईट पर शेष संख्या शून्य है।

घ. ठेकेदार, कार्य के उपयोग के लिए 7000 कि.ग्रा. स्ट्रक्चर स्टील खरीद दर 90/– प्रति कि.ग्रा. की दर से साइट पर लाए हैं।

ड. दूसरे आर ए बिल में 5,00,000/– रु. का अग्रिम भुगतान किए गए कार्य के लिए किया गया है परन्तु नापा नहीं गया है। इस बिल में इस अग्रिम की वसूली की जानी है।

च. दूसरे आर ए बिल में पहला माईलस्टोन पूरा न करने के कारण रोकी गई 2,00,000/–रु. राशि दूसरे माइलस्टोन के प्राप्त करने पर जारी (रिलीज) की जानी है।

छ. बिल में से निम्नलिखित वसूली की जानी है।

1. चल बिल के सकल राशि की 2.5 प्रतिशत की दर से प्रतिभूति जमा।
2. चल बिल के सकल राशि की 2.5 प्रतिशत की दर से आयकर।
3. दूसरे आर ए बिल में, 26,00,000/– मोबिलाइजेशन अग्रिम का भुगतान किया गया था जिसमें से 10,50,000/– रु. मूलधन की वसूली इस बिल से की जानी है ।
4. मोबिलाइजेशन अग्रिम पर 10 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से 75 दिन क लिए ब्याज।

5. एसजीएसटी 1 प्रतिशत की दर से और सीजीएसटी 1 प्रतिशत की दर से।
6. लेबर सेस 1 प्रतिशत की दर से।
7. अनुबंध के अनुसार साइट पर इंजीनियरिंग स्टाफ नही रखे जाने के कारण 3,00,000/ रु. वसूल किया जाना है।

प्रश्न:2 निम्नलिखित डाटा में से ठेकेदार मेसर्स अलाएन्स कन्स्ट्रक्शन कम्पनी का सीक्योर्ड अग्रिम लेखा दूसरे आर ए बिल के लिए तैयार करें और फार्म 26–ए में पोस्ट करें। विद्युत सामग्री पर सिक्योर्ड अग्रिम देय नही है।

(अंक 20)

क. पहले आर ए बिल में 5000/– प्रति एक हजार की दर से 1,00,000 एफ पी एस ईंटो पर सिक्योर्ड अग्रिम बकाया था जिसमें से 90,0000 ईंटों का प्रयोग कार्य के लिए कर लिया गया है एवं आगे बिल के लिए 2,00,000 ईंट साइट पर और लाई गई है।

ख. 800/– रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से 1000 वर्ग मीटर टाइलों के लिए सिक्योर्ड अग्रिम दिया गया था। जिसमें पिछले बिल से कार्य लिए उपयोग की गई मात्रा शून्य है और पिछले बिल के बाद से 500 वर्ग मीटर और टाइल्स साइट पर लाई गई हैं।

ग. 1800/– रुपये प्रति क्यू मी की दर से 300 क्यू मी स्टोन अग्रिगेट के लिए सिक्योर्ड अग्रिम का भुगतान किया गया था । साइट पर शेष स्टोन अग्रिगेट शून्य है।

छ. ठेकेदार 6500/– रुपये प्रति एमटी की खरीद दर से 1800 एमटी सीमेंट खरीद कर लाए और पूरी लागत का ब्यापक बीमा संरक्षण प्रस्तुत किया।

ड. ठेकेदार 1900/– रुपये की खरीद दर से 200 न. लाइट फिक्सर साइट पर लाए और सहायक अभियंता (वै.) को बिल /चलान प्रस्तुत किया ।

प्रश्न 3: निम्नलिखित में किसी चार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। (अंक 4 x2.5=10)

क. माप बही
ख. संविदा
ग. तीसरा पक्ष गुणवत्ता आश्वासन।
घ. सविंदा के सामान्य शर्तों का क्लाज 19
ड. स्थायी इम्प्रेस्ट

प्रश्न 4: अद्यतन संशोधित केलोनिवि वर्क्स मैनुअल 2014 के अनुसार सहा.अभि./सहा.का.अभि./सहा. निदे.(उ.) और का.अभि./उप निदेशक.(उ.) को क्या वित्तीय शक्तियां प्रत्यायोजित है ?

(अंक 5 x2=10)

क. माइनर कार्यों के लिए ए/ए एवं ई/एस प्रदान करना।
ख. निविदा आमंत्रित किए बिना कार्य आदेश देना।
ग. डिविएशन मदों की स्वीकृति ।
घ. स्टोरस् को अनसर्विसेबल आफ सरप्लस घोषित करना ।
ड. न्यूनतम सिंगल टेंडर स्वीकार करना।

प्रश्न 5: निम्नलिखित में से किसी चार के अंतर बताए। (अंक 4 X 2.5=10)

क. अतिरिक्त मद और प्रतिस्थापित मद
ख निष्पादन गारंटी और बयाना राशि
ग. प्रतिशत दर निविदा और मद दर निविदा
घ. डिपाजिट कार्य और अनुज्ञप्ति के अधीन कार्य
ड. स्थायी इम्प्रेस्ट और अस्थायी अग्रिम

प्रश्न 6: निम्नलिखित में से किसी भी चार के लिए केलोनिवि वर्क्स मैनुअल के प्रावधान बताएं

(अंक 4 x 2.5=10)

क. ईपीसी संविदा।
ख. डिपाजिट कार्य।
ग. प्रारंभिक ड्राइंग और विस्तृत ड्राइंग।
घ. अनुपूरक करार।
ड़ केन्द्रीय कार्य बोर्ड।

प्रश्न 7: किसी भी चार को संक्षेप में वर्णन करें। (अंक 4 x 2.5=10)

क. मानक माप बही।
ख. एम ए एस रजिस्टर
ग. डिस्मेन्टल्ड सामग्री लेखा।
घ. परीक्षणों के रजिस्टर का अनुरक्षण ।
ड. साइट आदेश बही।

प्रश्न 8: कृपया बताएं कि निम्नलिखित वाक्य 'सही' है या 'गलत' (अंक 10 X1=10)

क. करार में निर्धारित मात्रा से 10 प्रतिशत के अन्दर मद के डिविएट होने पर अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है।
ख. 50 लाख रुपये की लागत के कार्य के अंतिम बिल की प्रकिया पूरी करने के पूर्व अधीक्षण अभियंता द्वारा कार्य समापन प्रमाणपत्र जारी किया जाना अपेक्षित है।
ग. कनिष्ठ अभियंता द्वारा भी स्पाट कोटेशन एकत्रित किया जा सकता है।
घ. 90 करोड रुपये के अनुमानित लागत के कार्य की बयाना राशि 1.8 करोड होगी।
ड. व्यापक बीमा संरक्षण के पूरा होने के पश्चात बालू पर सिक्योर्ड अग्रिम देय है।
च. 25,000/– रुपये के मूल्य के सामान की खरीद , प्रत्येक समय में बिना कोटेशन आमंत्रित किए सक्षम प्राधिकारी के रिकार्ड किए गए प्रमाणपत्र के आधार पर की जा सकती है।
छ. 1000 करोड रुपये की अनुमानित लागत के कार्य के लिए समाचार पत्र में प्रेस नोटिस प्रकाशित करना अनिवार्य है।
ज. किसी भी सामग्री के ट्रांजिट के दौरान उसके निर्धारित मूल्य के 90 प्रतिशत तक का सिक्योर्ड अग्रिम दिया जा सकता है।
झ. ठेकेदार द्वारा कर्मचारी को दिए एस आई और ई पी एफ अंशदान की प्रतिपूर्ति ठेकेदार को की जाती है।
ञ. भवन को गिराने और मलबा उठाने की निविदा, सीपीडब्ल्यूडी फार्म 7 का प्रयोग करते हुए आमंत्रित की जाती है।